Title : Speaker made reference to the sad demise of Hon'ble General Secretary of the Central Committee of the Communist Party of Vietnam

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यो, मुझे सदन को वियतनाम के कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति के माननीय महासचिव श्री गुयेन फु ट्रोंग के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री ट्रोंग का 80 वर्ष की आयु में हनोई में दिनांक 19 जुलाई, 2024 को निधन हो गया। महासचिव श्री गुयेन फु ट्रोंग पिछले 13 वर्षों से इस पद पर आसीन सबसे वरिष्ठ वियतनामी राजनेता थे और वियतनाम में उनका व्यापक सम्मान किया जाता था। इससे पहले उन्होंने वियतनाम के समाजवादी गणराज्य की नेशनल असेम्बली के अध्यक्ष और देश में कई वरिष्ठ राजनीतिक पदों पर कार्य किया।

महासचिव श्री गुयेन फु ट्रोंग ने दशकों से वियतनाम की प्रगति और विकास में केन्द्रीय भूमिका निभाई। उन्होंने भारत-वियतनाम मित्रता और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीति और साझेदारी में योगदान भी दिया।

वे वर्ष 2013 में राजकीय यात्रा पर भारत आए थे और मुझे अप्रैल, 2022 में वियतनाम में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते समय उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

यह सदन दुख की इस घड़ी में वियतनाम के लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता है और महामहिम श्री गुयेन फु ट्रोंग के निधन पर वियतनाम की सरकार, समाजवादी गणराज्य के नेतृत्व तथा वहाँ की मित्रवत जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

सदन अब दिवंगत आत्मा की स्मृति में कुछ देर मौन रहेगा।

11.03 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

____